# वरीय परियोजना अभियंता का कार्यालय
## बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड,
## कार्य प्रमंडल, कटिहार

Mob No.- 8544402464
E-mail:- spe-katihar@brpnn.co.in

ISO:9001:2015
Reg. No.:- RQ91/10828

Doc. No:- BRPNNL/KTR/ C011/ 1261 Dated- 19.06.2025

## प्रेस विज्ञप्ति

समाहर्त्ता, किशनगंज के ज्ञापांक–3507/जि.भू–अर्जन, दिनांक–18.06.2025 द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में किशनगंज जिलान्तर्गत महानन्दा नदी पर (10x24.00M+1x16.00M) किशनगंज–तैयबपुर– ठाकुरगंज–गलगलिया पथ के 42वें कि0मी0 में उच्चस्तरीय आर0सी0सी0 पुल का निर्माण कार्य हेतु ठाकुरगंज अंचल के मौजा–खरना, थाना नं.–48 में रकवा 0.14000 एकड़ तथा पोठिया अंचल के मौजा–कसबा कलियागंज, थाना नं.–87 में रकवा 0.05800 एकड़, कुल 0.19800 एकड़ भूमि अर्जन हेतु अपेक्षित है, इसलिए राज्य एस0आई0ए0 ईकाई ललित नारायण मिश्रा आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्त्तन संस्थान, पटना द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया है, जिसका ड्रॉफ्ट कॉपी पत्र संख्या–393/25, दिनांक–17.06.2025 के माध्यम से प्राप्त हुआ है। इस निमित संबंधित स्थल पर सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन हेतु भू–अर्जन अधिनियम–2013 की धारा–05 के तहत् लोक सुनवाई किया जाना आवश्यक है।

अतएव सूचित किया जाता है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज/पोठिया में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 0.19800 एकड़ भूमि का मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है।

| क्र. | अंचल | मौजा/थाना नं. | अधियाचित रकवा (एकड़ में) | लोक सुनवाई हेतु तिथि स्थान एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | ठाकुरगंज | खरना/48 | 0.14000 | दिनांक–30.06.2025<br>स्थान– ठाकुरगंज पथ के 42वें कि.मी. में खरना गाँव के पास महानन्दा नदी के कार्यस्थल के समीप। |
| 2 | पोठिया | कसबा कलियागंज/87 | 0.05800 | |

चूँकि उक्त भूमि परियोजना हेतु तुरंत अपेक्षित है, अतएव राज्य सरकार ने सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कार्यान्वित करने का विनिश्चय किया है।

समाजिक प्रभाव आकलन के निमित सुनवाई की निर्धारित तिथि को हितबद्ध रैयत स्थल पर उपस्थित रहेगें। अंचल अधिकारी, ठाकुरगंज/पोठिया अपने अंचल अन्तर्गत अधिग्रहित मौजा के हितबद्ध रैयतों को सुनवाई के समय स्थल पर उपस्थित रहने हेतु सूचित करेगें।

निर्धारित तिथि को अधियाची निकाय के प्रतिनिधिगण, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी लोक सुनवाई में भाग लेगें। संबंधित अंचल अधिकारी, अंचल निरीक्षक एवं हल्का कर्मचारी लोक सुनवाई के समय एस0आई0ए0 दल के सहयोग के लिए उपस्थित रहेगें।

19/06/25

वरीय परियोजना अभियंता,
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड,
कार्य प्रमंडल, कटिहार।